राजस्थान पुलिस अकादमी में राज्य स्तरीय पुलिस शहीद दिवस समारोह का आयोजन

जयपुर 21 अक्टूबर। महानिदेशक पुलिस श्री भूपेन्द्र यादव ने 60वें पुलिस शहीद दिवस समारोह में पुलिस अधिकारियों को आह्वान किया कि वे देश सेवा के लिये त्याग एवं बलिदान की मिसाल कायम करने वाले उन जांबाज सिपाहियों से प्रेरणा लें, जिन्होंने अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करते हुए देश सेवा के लिये अपनी शहादत दी हैं।

उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर 1959 को सी.आर.पी.एफ. के पुलिस अधिकारी श्री करम सिंह के नेतृत्व में 20 जवानों की पुलिस टोली पर हॉट स्प्रिंग्स, लद्दाख में 16,000 फीट की ऊँचाई पर विषम परिस्थितियों में गश्त के दौरान चीन की सेना द्वारा घात लगाकर हमला किया गया। इस आक्रमण में पुलिस के 10 जवान वीर गति को प्राप्त हुए। इन वीरों के बलिदान को स्मरण करने व उनसे प्रेरणा ग्रहण करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए शहीद हुए पुलिस के शूरवीरों की स्मृति में सम्पूर्ण देश में पुलिस शहीद दिवस मनाया जाता है।

इसके पश्चात् पुलिस संगठनों की परम्पराओं के अनुसार सबसे पहले महानिदेशक पुलिस श्री भूपेन्द्र यादव, रिटायर्ड महानिदेशक पुलिस श्री एम.के. देवराजन, महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण) श्री राजीव दासोत, रिटायर्ड सहायक पुलिस उप निरीक्षक श्री हरदयाल सिंह, संयुक्त निदेशक आईबी के.सी. मीणा, सी.बी.आई. के श्री नवज्योति गोगोई, राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी, अति0 पुलिस आयुक्त, जयपुर श्री अजय पाल लांबा ने शहीद स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान परेड में भाग ले रहे पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने शोक शस्त्र करके सिर झुका कर दो मिनिट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। परेड में शामिल पुलिस बैण्ड ने **''लास्ट पोस्ट''** व **''रॉज/रिवाली''** की धुन बजायी। तत्पश्चात् शहीद दिवस परेड में शामिल पुलिस कर्मियों ने तीन–तीन राउन्ड फायर किये।

इस अवसर पर महानिदेशक एसीबी श्री आलोक त्रिपाठी, महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण श्री राजीव दासोत, महानिदेशक कानून व्यवस्था, श्री एम.एल. लाठर, श्री ओ.पी गल्होत्रा, महानिदेशक, होमगार्ड,, अति0 महानिदेशक सर्व श्री बी.एल. सोनी, उमेश मिश्रा, श्रीमती नीना सिंह, भूपेन्द्र कुमार दक, श्रीमती मालिनी अग्रवाल, श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव, रवि प्रकाश मेहरड़ा, सुनील दत्त, संजय अग्रवाल, राजीव शर्मा, गोविन्द गुप्ता, यू.आर. साहू सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी शहीद पुलिसकर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी और कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

रक्तदान शिविर का आयोजन

पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी के पार्वती हॉस्टल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महानिदेशक पुलिस श्री भूपेन्द्र सिंह यादव, महानिदेशक प्रशिक्षण श्री राजीव दासोत एवं निदेशक, राजस्थान पुलिस अकादमी श्री हेमन्त प्रियदर्शी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने रक्तदान शिविर मे जाकर एवं श्री गौरव श्रीवास्तव उप महानिरीक्षक पुलिस (सीआईडी–सीबी) द्वारा रक्तदान कर पुलिसकर्मियो का उत्साह बढ़ाया।

ब्लड बैंक, ट्रौमा सेन्टर, सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर के द्वारा चिकित्सकीय सहयोग किया गया। शिविर में एफ.एस.एल के 03, पुलिस वायरलेस सेवा के 70, मुख्यालय जयपुर के 04, पाँचवीं बटा. आर.ए.सी. के 04, चतुर्थ बटा. आर.ए.सी. के. 02, 13वीं बटालियन आर.ए.सी. के 06 और 81 आर.पी.ए. स्टाफ एवं प्रशिक्षुओं के द्वारा रक्तदान किया गया। इस प्रकार 165 पुरूष एवं 05 महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान किया। कुल 170 यूनिट ब्लड का रक्तदान किया गया।